आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 27.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – देवभूमि उत्तराखंड में पाखंड, ठगी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जाएगा।
- ''जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के तहत टिहरी और उधमसिंहनगर के विभिन्न न्याय पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विंटर कार्निवाल के अंतर्गत मॉल रोड पर लगाए गए फूड स्टॉलों का उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

''ऑपरेशन कालनेमि''

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि देवभूमि उत्तराखंड में पाखंड, ठगी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे ''ऑपरेशन कालनेमि'' के तहत छद्म भेषधारियों और अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख़्त और निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई किसी धर्म या समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था, राज्य की सुरक्षा और देवभूमि की अस्मिता की रक्षा के उद्देश्य से की जा रही है।

उन्होंने प्रशासन और पुलिस को निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार की गतिविधियों पर सख़्त निगरानी रखी जाए और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

<u>जनजन की सरकार जनजन के द्वार</u>

''जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के तहत टिहरी जिले के सभी न्याय पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से बहु उद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में चम्बा के न्याय पंचायत पांगरखाल तथा भिलंगना के दल्ला और जौनपुर विकास खंड के स्यालसी में बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने आकाशवाणी से बातचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के महत्वकांक्षी अभियान सरकार जनता के द्वार  की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस अभियान के जरिए सरकार आम लोगों के द्वार तक पहुंच रही है।

## जनजन की सरकार जनजन के द्वार–2

वहीं उधमसिंहनगर जिले के गदरपुर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय आनंदखेड़ा में वृहद बहुउददेशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को लाभान्वित किया गया। शिविर में उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता के द्वारा जाकर एक छत के नीचे जनता की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करना है।

## मसूरी विंटर कार्निवाल

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विंटर कार्निवाल के अंतर्गत मॉल रोड पर लगाए गए फूड स्टॉलों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और स्थानीय उत्पादों व पारंपरिक व्यंजनों की सराहना की।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने गढ़वाल टैरिस में आयोजित कार्निवाल की सांस्कृतिक संध्या का भी शुभारंभ किया।

श्री जोशी ने कहा कि विंटर कार्निवाल जैसे आयोजन पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ स्थानीय व्यापारियों, महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से मसूरी की सांस्कृतिक पहचान सुदृढ़ होती है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

## सौगात

लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने पौड़ी जिले के चौबटटाखाल विधानसभा को 26 करोड़ रूपये की लागत की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। चौबट्टाखाल विधायक महाराज ने पोखड़ा ब्लाक के राजकीय इंटर कॉलेज किमगड़ी के वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग के दौरान कॉलेज में जल्द विज्ञान विषय शुरू करने की भी घोषणा की। इस बीच उन्होंने राजकीय महाविद्यालय बेदीखाल में निर्माणाधीन बालिका छात्रावास, विद्यालय भवन की मरम्मत का स्थलीय निरीक्षण किया।

अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही

प्रदेश सरकार का अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसके तहत प्रशासन ने राजधानी देहरादून और उधमसिंह नगर जिले के गदरपुर में बनी एक–एक अवैध मजार की संरचना को ध्वस्त कर दिया। प्रशासन के अनुसार यह कार्यवाही सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए की गई है। कार्रवाई से पहले प्रशासन की ओर से संबंधित स्थल पर नोटिस की प्रक्रिया पूरी की गई। गौरतलब है कि राज्यभर में 570 अवैध मजारों को हटाया जा चुका है।

मतदाता मैपिंग

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता मैपिंग आसान बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में देहरादून जिले के फील्ड अधिकारियों के साथ सचिवालय में बैठक लेते हुए उन्होंने बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ संवाद स्थापित कर फीडबैक भी लिया।

डॉ जोगदंडे ने कहा कि वर्तमान में 12 राज्य व केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान संचालित है। निकट भविष्य में आयोग की ओर से उत्तराखण्ड राज्य में भी एसआईआर अभियान चलाया जा सकता है। ऐसे में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में अभी से चरणबद्ध तरीके से तैयारी की जा रही है। उन्होंने बीएलओ को सोशल मीडिया एवं वॉट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने संबंधित जानकारी मतदाताओं से साझा करने की अपील की।